भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

12.08.2026 के

तारांकित प्रश्न सं. 341 का उत्तर

महाराष्ट्र में बदलापुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए सुविधाएं

***341. श्री बाल्या मामा सुरेश गोपीनाथ म्हात्रे:**

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या महाराष्ट्र के बदलापुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए सुविधाओं में वृद्धि और उपनगरीय लोकल रेलगाड़ी सेवाओं में सुधार किए जाने की आवश्यकता है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा उक्त रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए सुविधाओं में वृद्धि करने और उपनगरीय लोकल रेलगाड़ी सेवाओं में सुधार करने के लिए उठाए गए/उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) और (ख): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

दिनांक 12.08.2026 को लोक सभा में तारांकित प्रश्न सं. 341 के भाग (क) और (ख) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) और (ख): बदलापुर रेलवे स्टेशन पर उपलब्ध मौजूदा अवसंरचनात्मक सुविधाएं तथा यात्री सुविधाएं निम्नानुसार हैं:

क्र. सं.	यात्री सुविधाएं	विवरण
1	प्लेटफॉर्म	सभी 3 प्लेटफॉर्म अधिक ऊंचाई वाले हैं, प्रत्येक की लंबाई 330 मीटर है।
2	प्लेटफॉर्म पर कवर	सभी 3 प्लेटफॉर्मों पर उपलब्ध।
3	ऊपरी पैदल पुल	12 मीटर चौड़ाई के दो ऊपरी पैदल पुल तथा 6 मीटर चौड़ाई का एक ऊपरी पैदल पुल।
4	डेक	ऊपरी पैदल पुल के मध्य भाग को कल्याण छोर वाले ऊपरी पैदल पुल से जोड़ने वाला 152 मीटर लंबा डेक।
5	एस्केलेटर	5 एस्केलेटर।
6	लिफ्ट	1 लिफ्ट।
7	स्काईवॉक	स्टेशन के पश्चिमी छोर पर ऊपरी पैदल पुलों से जुड़ा हुआ 120 मीटर लंबा स्काईवॉक।

इसके अतिरिक्त, बदलापुर रेलवे स्टेशन पर निम्नलिखित कार्य भी शुरू किए गए हैं:

क्र. सं.	मद
1	प्लेटफॉर्म सं. 2 पर 100 मीटर लंबे प्लेटफॉर्म शेड का निर्माण।
2	कल्याण छोर के ऊपरी पैदल पुल को पूर्वी दिशा में नगरपालिका स्काईवॉक से जोड़ने वाले स्काईवॉक का निर्माण।
3	3 अतिरिक्त एस्केलेटरों की संस्थापना।
4	3 अतिरिक्त एलिवेटरों की संस्थापना।
5	प्लेटफॉर्म सं. 1 के बाहर एक नए शौचालय ब्लॉक का निर्माण।
6	कल्याण छोर पर 6 मीटर चौड़े एक अतिरिक्त ऊपरी पैदल पुल का निर्माण।

संपर्कता

बदलापुर स्टेशन भारतीय रेल नेटवर्क पर विद्यमान एक स्टेशन है। बदलापुर में संपर्कता को और बेहतर बनाने तथा क्षमता में वृद्धि करने हेतु निम्नलिखित कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है:-

क्र. सं.	परियोजना	लागत (₹ करोड़ में)	स्थिति
1.	कल्याण-बदलापुर तीसरी एवं चौथी लाइन (14 किमी)	1,510	2 बड़े पुलों में से 1 पुल का कार्य पूर्ण।। 4 ऊपरी सड़क पुलों में से 2 पुलों का कार्य पूर्ण। 40 छोटे पुलों में से 30 पुलों का कार्य पूर्ण।
2.	बदलापुर-कर्जत तीसरी एवं चौथी लाइन (32 किमी)	1,324	इस परियोजना को हाल ही में ₹1,324 करोड़ की लागत पर स्वीकृति प्रदान की गई है। डिजाइन एवं ड्राइंग का कार्य शुरू किया गया है।
3.	कल्याण-मुरबाड नई लाइन (28 किमी)	836	भूमि अधिग्रहण का कार्य शुरू किया गया है।

बदलापुर स्टेशन पर रेलगाड़ी सेवाएं

उपनगरीय यात्रियों को सेवा प्रदान करने हेतु, वर्तमान में, पश्चिम रेलवे एवं मध्य रेलवे द्वारा अवातानुकूलित तथा वातानुकूलित ईएमयू सेवाओं सहित कुल 3234 ईएमयू उपनगरीय सेवाएं परिचालित की जाती हैं। पश्चिम रेलवे 145 वातानुकूलित ईएमयू सेवाओं सहित 1414 सेवाएं परिचालित करती है, जबकि मध्य रेलवे 120 वातानुकूलित ईएमयू सेवाओं सहित 1820 सेवाएं परिचालित करती है। मध्य रेलवे के अधिकार क्षेत्र में आने वाला बदलापुर स्टेशन वर्तमान में 148 ईएमयू सेवाओं द्वारा सेवित किया जाता है, जिनमें बदलापुर से शुरू होने वाली/बदलापुर में समाप्त होने वाली 78 ईएमयू सेवाएं शामिल हैं।

बदलापुर को सेवित करने वाली रेलगाड़ियों की सूची निम्नानुसार है:

क्र. सं.	रेलगाड़ी सं. और नाम	क्र. सं.	रेलगाड़ी सं. और नाम
1	95001 कल्याण-पलासधारी ईएमयू	21	95107 कल्याण-कर्जत ईएमयू
2	95002 पलासधारी-कल्याण ईएमयू	22	95108 कर्जत-कल्याण ईएमयू
3	95003 कल्याण-पलासधारी ईएमयू	23	95109 कल्याण-कर्जत ईएमयू
4	95004 पलासधारी-कल्याण ईएमयू	24	95110 कर्जत-कल्याण ईएमयू
5	95005 कल्याण-पलासधारी ईएमयू	25	95111 कल्याण-कर्जत ईएमयू
6	95006 पलासधारी-कल्याण ईएमयू	26	95112 कर्जत-कल्याण ईएमयू
7	95007 कल्याण-पलासधारी ईएमयू	27	95113 कल्याण-कर्जत ईएमयू
8	95008 पलासधारी-कल्याण ईएमयू	28	95114 कर्जत-कल्याण ईएमयू
9	95009 कल्याण-पलासधारी ईएमयू	29	95115 कल्याण-कर्जत ईएमयू
10	95010 पलासधारी-कल्याण ईएमयू	30	95116 कर्जत-कल्याण ईएमयू
11	95011 कल्याण-पलासधारी ईएमयू	31	95117 कल्याण-कर्जत ईएमयू
12	95012 पलासधारी-कल्याण ईएमयू	32	95118 कर्जत-कल्याण ईएमयू
13	95013 कल्याण-पलासधारी ईएमयू	33	95119 कल्याण-कर्जत ईएमयू
14	95015 कल्याण-पलासधारी ईएमयू	34	95120 कर्जत-कल्याण ईएमयू
15	95101 कल्याण-कर्जत ईएमयू	35	95121 कल्याण-कर्जत ईएमयू
16	95102 कर्जत-कल्याण ईएमयू	36	95122 कर्जत-कल्याण ईएमयू
17	95103 कल्याण-कर्जत ईएमयू	37	95123 कल्याण-कर्जत ईएमयू
18	95104 कर्जत-कल्याण ईएमयू	38	95124 कर्जत-कल्याण ईएमयू
19	95105 कल्याण-कर्जत ईएमयू	39	95125 कल्याण-कर्जत ईएमयू
20	95106 कर्जत-कल्याण ईएमयू	40	95126 कर्जत-कल्याण ईएमयू

41	95127 कल्याण-कर्जत ईएमयू	63	95208 बदलापुर-कल्याण ईएमयू
42	95128 कर्जत-कल्याण ईएमयू	64	95209 कल्याण-बदलापुर ईएमयू
43	95129 कल्याण-कर्जत ईएमयू	65	95210 बदलापुर-कल्याण ईएमयू
44	95130 कर्जत-कल्याण ईएमयू	66	95211 कल्याण-बदलापुर ईएमयू
45	95131 कल्याण-कर्जत ईएमयू	67	95212 बदलापुर-कल्याण ईएमयू
46	95132 कर्जत-कल्याण ईएमयू	68	95213 कल्याण-बदलापुर ईएमयू
47	95133 कल्याण-कर्जत ईएमयू	69	95214 बदलापुर-कल्याण ईएमयू
48	95134 कर्जत-कल्याण ईएमयू	70	95215 कल्याण-बदलापुर ईएमयू
49	95135 कल्याण-कर्जत ईएमयू	71	95216 बदलापुर-कल्याण ईएमयू
50	95136 कर्जत-कल्याण ईएमयू	72	95217 कल्याण-बदलापुर ईएमयू
51	95138 कर्जत-कल्याण ईएमयू	73	95218 बदलापुर-कल्याण ईएमयू
52	95140 कर्जत-कल्याण ईएमयू	74	95219 कल्याण-बदलापुर ईएमयू
53	95142 कर्जत-कल्याण ईएमयू	75	95220 बदलापुर-कल्याण ईएमयू
54	95144 कर्जत-कल्याण ईएमयू	76	95221 कल्याण-बदलापुर ईएमयू
55	95146 कर्जत-कल्याण ईएमयू	77	95222 बदलापुर-कल्याण ईएमयू
56	95201 कल्याण-बदलापुर ईएमयू	78	95223 कल्याण-बदलापुर ईएमयू
57	95202 बदलापुर-कल्याण ईएमयू	79	95224 बदलापुर-कल्याण ईएमयू
58	95203 कल्याण-बदलापुर ईएमयू	80	95225 कल्याण-बदलापुर ईएमयू
59	95204 बदलापुर-कल्याण ईएमयू	81	95226 बदलापुर-कल्याण ईएमयू
60	95205 कल्याण-बदलापुर ईएमयू	82	95227 कल्याण-बदलापुर ईएमयू
61	95206 बदलापुर-कल्याण ईएमयू	83	95228 बदलापुर-कल्याण ईएमयू
62	95207 कल्याण-बदलापुर ईएमयू	84	95229 कल्याण-बदलापुर ईएमयू

85	95230 बदलापुर-कल्याण ईएमयू	107	96102 कर्जत-कल्याण ईएमयू
86	95231 कल्याण-बदलापुर ईएमयू	108	96103 कल्याण-कर्जत ईएमयू
87	95232 बदलापुर-कल्याण ईएमयू	109	96104 कर्जत-कल्याण ईएमयू
88	95233 कल्याण-बदलापुर ईएमयू	110	96105 कल्याण-कर्जत ईएमयू
89	95234 बदलापुर-कल्याण ईएमयू	111	96106 कर्जत-कल्याण ईएमयू
90	95235 कल्याण-बदलापुर ईएमयू	112	96107 कल्याण-कर्जत ईएमयू
91	95236 बदलापुर-कल्याण ईएमयू	113	96108 कर्जत-कल्याण ईएमयू
92	95237 कल्याण-बदलापुर ईएमयू	114	96109 कल्याण-कर्जत ईएमयू
93	95238 बदलापुर-कल्याण ईएमयू	115	96110 कर्जत-कल्याण ईएमयू
94	95239 कल्याण-बदलापुर ईएमयू	116	96111 कल्याण-कर्जत ईएमयू
95	95240 बदलापुर-कल्याण ईएमयू	117	96113 कल्याण-कर्जत ईएमयू
96	95241 कल्याण-बदलापुर ईएमयू	118	96115 कल्याण-कर्जत ईएमयू
97	95242 बदलापुर-कल्याण ईएमयू	119	96201 कल्याण-बदलापुर ईएमयू
98	95243 कल्याण-बदलापुर ईएमयू	120	96202 बदलापुर-कल्याण ईएमयू
99	95244 बदलापुर-कल्याण ईएमयू	121	96203 कल्याण-बदलापुर ईएमयू
100	95245 कल्याण-बदलापुर ईएमयू	122	96204 बदलापुर-कल्याण ईएमयू
101	95246 बदलापुर-कल्याण ईएमयू	123	96205 कल्याण-बदलापुर ईएमयू
102	95247 कल्याण-बदलापुर ईएमयू	124	96206 बदलापुर-कल्याण ईएमयू
103	95248 बदलापुर-कल्याण ईएमयू	125	96207 कल्याण-बदलापुर ईएमयू
104	96019 कल्याण-पलासधारी ईएमयू	126	96208 बदलापुर-कल्याण ईएमयू
105	96020 पलासधारी-कल्याण ईएमयू	127	96209 कल्याण-बदलापुर ईएमयू
106	96101 कल्याण-कर्जत ईएमयू	128	96210 बदलापुर-कल्याण ईएमयू

129	96211 कल्याण-बदलापुर ईएमयू	139	96221 कल्याण-बदलापुर ईएमयू
130	96212 बदलापुर-कल्याण ईएमयू	140	96222 बदलापुर-कल्याण ईएमयू
131	96213 कल्याण-बदलापुर ईएमयू	141	96223 कल्याण-बदलापुर ईएमयू
132	96214 बदलापुर-कल्याण ईएमयू	142	96224 बदलापुर-कल्याण ईएमयू
133	96215 कल्याण-बदलापुर ईएमयू	143	96225 कल्याण-बदलापुर ईएमयू
134	96216 बदलापुर-कल्याण ईएमयू	144	96226 बदलापुर-कल्याण ईएमयू
135	96217 कल्याण-बदलापुर ईएमयू	145	96227 कल्याण-बदलापुर ईएमयू
136	96218 बदलापुर-कल्याण ईएमयू	146	96228 बदलापुर-कल्याण ईएमयू
137	96219 कल्याण-बदलापुर ईएमयू	147	96229 कल्याण-बदलापुर ईएमयू
138	96220 बदलापुर-कल्याण ईएमयू	148	96230 बदलापुर-कल्याण ईएमयू

इसके अतिरिक्त, यात्रियों को अतिरिक्त बैठक क्षमता प्रदान करने हेतु, मध्य रेलवे द्वारा दिनांक 20.07.2026 से 10 ईएमयू सेवाओं में डिब्बों की संख्या बढ़ाकर 12 से 15 कर दी गई है। इन 10 ईएमयू सेवाओं में से 4 सेवाएं, बदलापुर के यात्रियों को भी सेवित करती हैं।

इसके अलावा, विभिन्न मार्गों/खंडों पर उपनगरीय सेवाओं सहित नई रेलगाड़ी सेवाओं की शुरुआत करना एक सतत प्रक्रिया है, जो निम्नलिखित सहित विभिन्न कारकों पर निर्भर करती है:

- संबंधित खंड की क्षमता
- पथ की उपलब्धता
- अपेक्षित चल स्टॉक की उपलब्धता
- चल स्टॉक हेतु समरूप अवसंरचना की उपलब्धता
- रेल पटरियों तथा अन्य परिसंपत्तियों की अनुरक्षण संबंधी आवश्यकता
- खंड की अधिभोगिता तथा यातायात संबंधी आवश्यकता

अमृत भारत स्टेशन:

रेल मंत्रालय द्वारा दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ स्टेशनों के पुनर्विकास हेतु अमृत भारत स्टेशन योजना का शुभारंभ किया गया है।

इस योजना में भारतीय रेल के स्टेशनों में सुधार हेतु मास्टर प्लान तैयार करना तथा उन्हें चरणबद्ध ढंग से क्रियान्वित करना शामिल हैं। प्रत्येक स्टेशन की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, मास्टर प्लानिंग की जाती है, जिसमें निम्नलिखित कार्य शामिल हैं:

- रेलवे स्टेशन और परिचलन क्षेत्रों तक पहुँच में सुधार
- रेलवे स्टेशन का शहर के दोनों भागों के साथ एकीकरण
- रेलवे स्टेशन भवन में सुधार
- प्रतीक्षालय, शौचालय, बैठक व्यवस्था, वाटर-बूथों में सुधार
- यात्री यातायात के अनुरूप चौड़े ऊपरी पैदल पुल/सबवे की व्यवस्था
- लिफ्ट/स्वचालित सीढ़ियों/रैम्प की व्यवस्था
- प्लेटफ़ॉर्म की सतह में सुधार तथा प्लेटफ़ॉर्म शेल्टर की व्यवस्था
- 'एक स्टेशन एक उत्पाद' जैसी योजनाओं के माध्यम से स्थानीय उत्पादों के लिए कियोस्क की व्यवस्था
- पार्किंग क्षेत्र का विकास
- दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएँ
- बेहतर यात्री सूचना प्रणाली
- एयर कॉनकोर्स, एक्ज़ीक्यूटिव लाउंज, यातायात के विभिन्न साधनों के साथ एकीकरण, भूसुदर्शनीकरण आदि।

इस योजना में आवश्यकतानुसार, चरणबद्ध रूप से तथा व्यवहार्यतानुसार संवहनीय और पर्यावरण अनुकूल समाधानों आदि तथा दीर्घावधि में रेलवे स्टेशन पर सिटी सेन्टर के निर्माण की संकल्पना भी की गई है।

अब तक, इस योजना के अंतर्गत विकास हेतु 1,340 स्टेशन चिह्नित किए गए हैं, जिनमें से 132 स्टेशन महाराष्ट्र में स्थित हैं। महाराष्ट्र में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत विकास हेतु चिह्नित स्टेशनों के नाम निम्नानुसार हैं:

राज्य	स्टेशनों की संख्या	स्टेशनों के नाम
महाराष्ट्र	132	अहमदनगर, अजनी (नागपुर), अकलकोट रोड, अकोला, आकुर्डी, अमलनेर, अमगांव, अमरावती, अंधेरी, बडनेरा, बल्लारशाह, बांद्रा टर्मिनस, बारामती, बेलापुर, भंडारा रोड, भोकर, भुसावल, बोरीवली, भायखला, चालीसगांव, चांदा फोर्ट, चंद्रपुर, चर्नी रोड, छत्रपति संभाजीनगर, छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, चिंचपोकली, चिंचवड, दादर (मध्य रेलवे), दादर (पश्चिम रेलवे), दहिसर, दौंड, देहू रोड, देवलाली, धामणगांव, धरणगांव, धाराशिव, धर्माबाद, धुले, दिवा, दुधानी, गंगाखेड, गोधनी, गोंदिया, ग्रांट रोड, हडपसर, हातकणंगले, हजूर साहिब नांदेड, हिमायतनगर, हिंगणघाट, हिंगोली डेक्कन, इगतपुरी, जलगांव, जालना, जेऊर, जोगेश्वरी, कल्याण जंक्शन, कामठी, कांदिवली, कांजुरमार्ग, कराड, काटोल, केडगांव, किनवट, कोपरगांव, कुर्डुवाडी जंक्शन, कुर्ला जंक्शन, लासलगांव, लातूर, लोकमान्य तिलक टर्मिनस, लोणंद जंक्शन, लोणावळा, लोअर परेल, मलाड, मलकापुर, मनमाड जंक्शन, मानवत रोड, मरीन लाइन्स, माटुंगा, मिरज जंक्शन, मुदखेड जंक्शन, मुंबई सेंट्रल, मुंब्रा, मुर्तिजापुर जंक्शन, नागरसोल, नागपुर जंक्शन, नांदगांव, नांदुरा, नंदुरबार, नरखेड जंक्शन, नासिक रोड, नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी जंक्शन, पाचोरा जंक्शन, पालघर, पंढरपुर, पनवेल जंक्शन, परभणी जंक्शन, परेल, परली वैजनाथ, परतूर, फलटण, प्रभादेवी, पुलगांव जंक्शन, पुणे जंक्शन, पूर्णा जंक्शन, रावेर, रोटेगांव, साईनगर शिर्डी, सैंडहर्स्ट रोड, सांगली, सातारा, सावदा, सेलू, सेवाग्राम, शहाड, शेगांव, शिवाजी नगर पुणे, श्री छत्रपति शाहू

		महाराज टर्मिनस कोल्हापुर, सोलापुर, तलेगांव, ठाकुर्ली, ठाणे, टिटवाला, तुमसर रोड, उमरी, उरुली, वडाला रोड, विद्याविहार, विक्रोली, वडसा, वर्धा, वाशिम, वाठार

महाराष्ट्र के स्टेशन जहां कार्य पूर्ण कर लिया गया है:

महाराष्ट्र में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत रेलवे स्टेशनों पर विकास कार्य तीव्र गति से शुरू किए गए हैं। महाराष्ट्र में पूर्ण किए गए स्टेशनों का ब्यौरा निम्नानुसार है:

राज्य	स्टेशनों की संख्या	स्टेशनों के नाम
महाराष्ट्र	20	आमगांव, बारामती, भायखला, चांदा फोर्ट, चिंचपोकली, देवलाली, धुले, हिमायतनगर, केडगांव, लासलगांव, लोणंद जंक्शन, मलकापुर, माटुंगा, मुर्तिजापुर जंक्शन, नांदुरा, नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी जंक्शन, परेल, सावदा, शहाड, वडाला रोड

अन्य स्टेशनों पर भी विकास संबंधी कार्य तीव्र गति से शुरू किए गए हैं तथा कुछ स्टेशनों की प्रगति नीचे दी गई है:

दिवा स्टेशन: मौजूदा स्टेशन भवन में सुधार, ऊपरी पैदल पुल, प्लेटफॉर्म सतह में सुधार, पार्किंग, प्रवेश द्वार, प्लेटफॉर्म शेड, नए शौचालय ब्लॉक तथा प्लेटफॉर्म की ऊंचाई बढ़ाने के कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। नए ऊपरी पैदल पुल का कार्य शुरू किया गया है।

मुंब्रा स्टेशन: स्टेशन भवन में सुधार, प्लेटफॉर्म सतह में सुधार, परिचलन क्षेत्र में सुधार, पार्किंग, ऊपरी पैदल पुल तथा नए शौचालय ब्लॉक के कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। एस्केलेटरों का कार्य शुरू किया गया है।

टिटवाला स्टेशन: स्टेशन भवन में सुधार, प्लेटफॉर्म सतह में सुधार, पार्किंग, पहुंच मार्ग, नए शौचालय ब्लॉक तथा प्रवेश द्वार के कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। नए ऊपरी पैदल पुल का कार्य शुरू किया गया है।

विक्रोली स्टेशन: मौजूदा स्टेशन भवन के अग्रभाग (एलिवेशन) में सुधार, प्लेटफॉर्म सतह में सुधार, प्लेटफॉर्म शेड, नए स्टेशन भवन का निर्माण तथा नए शौचालय ब्लॉकों के कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। बुकिंग कार्यालय, परिचलन क्षेत्र एवं पूर्वी दिशा में पार्किंग में सुधार के कार्य शुरू किए गए हैं।

कुर्ला स्टेशन: बुकिंग कार्यालय, शौचालयों, पार्किंग तथा प्लेटफॉर्म शेल्टर में सुधार के कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। एस्केलेटर का कार्य शुरू किया गया है।

इसके अतिरिक्त, भारतीय रेल में यात्री सुविधाओं के प्रावधान सहित स्टेशनों का विकास/पुनर्विकास/उन्नयन/आधुनिकीकरण, एक सतत और निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है और इस संबंध में कार्यों की परस्पर प्राथमिकता और निधि की उपलब्धता के अध्यधीन, आवश्यकतानुसार निर्माण कार्य शुरू किए जाते हैं। स्टेशन का विकास/पुनर्विकास/उन्नयन/आधुनिकीकरण उस स्टेशन की कोटि/दशा/संभाले गए यातायात आदि के आधार पर किया जाता है।

महाराष्ट्र

रेल बजट

हाल के वर्षों में बजट आवंटन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। महाराष्ट्र राज्य में पूर्णतः/अंशतः पड़ने वाली अवसंरचना परियोजनाओं तथा संरक्षा कार्यों हेतु बजट आवंटन निम्नानुसार है:

अवधि	परिव्यय
2009-14	₹1,171 करोड़ प्रतिवर्ष
2026-27	₹23,926 करोड़ (20 गुना से अधिक)

रेलपथ निर्माण:

2009-14 तथा 2014-26 के दौरान महाराष्ट्र राज्य में पूर्णतः/अंशतः पड़ने वाले नए रेलपथ निर्माण का ब्यौरा निम्नानुसार है:

अवधि	कमीशन किए गए नए रेलपथ	नए रेलपथ की औसत कमीशनिंग
2009-14	292 किमी	58.4 किमी प्रतिवर्ष
2014-26	2,585 किमी	215.4 किमी प्रतिवर्ष (लगभग 4 गुना)

स्वीकृत परियोजनाएं:

01.04.2026 की स्थिति के अनुसार, महाराष्ट्र में पूर्णतः/अंशतः पड़ने वाली कुल 5,956 किमी लंबाई तथा ₹1,42,635 करोड़ लागत वाली 52 परियोजनाएं (13 नई लाइनें, 02 आमान परिवर्तन तथा 37 दोहरीकरण) स्वीकृत हैं। इसका सारांश निम्नानुसार है:-

कोटि	स्वीकृत परियोजनाओं की संख्या	कुल लंबाई (किमी में)	मार्च 2026 तक कमीशन की गई लंबाई (किमी में)	मार्च 2026 तक व्यय (₹ करोड़ में)
नई लाइन	13	1,399	266	13,065
आमान परिवर्तन	02	609	334	5,013
दोहरीकरण/बहुपथन	37	3,948	998	16,704
कुल	52	5,956	1,598	34,782

हाल ही में पूर्ण की गई परियोजनाएं:

महाराष्ट्र में पूर्णतः/अंशतः पड़ने वाली हाल ही में पूर्ण की गई कुछ परियोजनाओं का ब्यौरा निम्नानुसार है:

क्र. सं.	परियोजना	लागत (₹ करोड़ में)
1	पुणे-मिरज-लोंडा दोहरीकरण (467 किमी)	6,463
2	होटगी-कुडगी-गदग दोहरीकरण (284 किमी)	2,459
3	मनमाड-जलगांव तीसरी लाइन (160 किमी)	1,677
4	जबलपुर-गोंदिया आमान परिवर्तन (300 किमी)	2,005
5	छिंदवाड़ा-नागपुर आमान परिवर्तन (150 किमी)	1,512
6	पनवेल-पेन दोहरीकरण (35 किमी)	263

7	पेन-रोहा दोहरीकरण (40 किमी)	330
8	उधना-जलगांव दोहरीकरण (307 किमी)	2,448
9	मुदखेड-परभणी दोहरीकरण (81 किमी)	673
10	भुसावल-जलगांव तीसरी लाइन (24 किमी)	325
11	जलगांव-भुसावल चौथी लाइन (24 किमी)	261
12	दौंड-गुलबर्गा दोहरीकरण (225 किमी)	3,182
13	दौंड-मनमाड दोहरीकरण (236 किमी)	3,426

चालू परियोजनाएं:

जनजातीय एवं आकांक्षी जिलों सहित महाराष्ट्र राज्य में रेल अवसंरचना को और बेहतर बनाने हेतु, निम्नलिखित कार्य शुरू किए गए हैं:-

क्र. सं.	परियोजना का नाम	लागत (₹ करोड़ में)
1	अहिल्यानगर-परली वैजनाथ नई लाइन (261 किमी)	5,800
2	बारामती-लोणंद नई लाइन (64 किमी)	1,844
3	वर्धा-नांदेड नई लाइन (284 किमी)	5,248
4	इंदौर-मनमाड नई लाइन (360 किमी)	18,529
5	वडसा-गडचिरोली नई लाइन (52 किमी)	1,886
6	जालना-जलगांव नई लाइन (174 किमी)	5,804
7	वर्धा-नागपुर तीसरी लाइन (76 किमी)	917
8	वर्धा-बल्लारशाह तीसरी लाइन (132 किमी)	1,755
9	इटारसी-नागपुर तीसरी लाइन (280 किमी)	2,607

10	राजनांदगांव-नागपुर तीसरी लाइन (228 किमी)	3,545
11	वर्धा-नागपुर चौथी लाइन (79 किमी)	1,215
12	जलगांव-मनमाड चौथी लाइन (160 किमी)	2,574
13	भुसावल-खंडवा तीसरी एवं चौथी लाइन (131 किमी)	3,285
14	सोलापुर-तुलजापुर (उस्मानाबाद) नई लाइन (84 किमी)	3,296
15	पनवेल-चौक दोहरी लाइन (17 किमी)	491
16	वर्धा-बल्लारशाह चौथी लाइन (135 किमी)	2,226
17	इटारसी-नागपुर चौथी लाइन (297 किमी)	5,010
18	वर्धा-भुसावल तीसरी एवं चौथी लाइन (314 किमी)	9,197
19	गोंदिया-डोंगरगढ़ चौथी लाइन (84 किमी)	2,223
20	गोंदिया-बल्लारशाह दोहरीकरण (240 किमी)	4,819
21	कल्याण-कसारा तीसरी लाइन (68 किमी)	1,433
22	नायगांव-जूचंद्र दोहरी कॉर्ड लाइन (5 किमी)	176
23	निलजे-कोपर दोहरी कॉर्ड लाइन (5 किमी)	338
24	बदलापुर-कर्जत तीसरी एवं चौथी लाइन (32 किमी)	1,324
25	आसनगांव-कसारा चौथी लाइन (35 किमी)	794
26	कसारा-मनमाड तीसरी एवं चौथी लाइन (131 किमी)	10,154
27	गोंदिया-जबलपुर दोहरीकरण (231 किमी)	5,236
28	चालीसगांव रेल ओवर रेल फ्लाईओवर (11 किमी)	264
29	चिखली एवं सोमटणे के मध्य कॉर्ड लाइन (4 किमी)	172
30	पुणतांबा-साईनगर शिर्डी दोहरीकरण (17 किमी)	227

रेल परियोजना/परियोजनाओं का पूरा होना कई कारकों पर निर्भर करता है, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- राज्य सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण
- वानिकी स्वीकृति
- अतिलंघनकारी जनोपयोगी सेवाओं का स्थानांतरण
- विभिन्न प्राधिकरणों से सांविधिक स्वीकृतियाँ
- क्षेत्र की भूवैज्ञानिक और स्थलाकृतिक परिस्थितियाँ
- परियोजना स्थल के क्षेत्र में कानून और व्यवस्था की स्थिति
- परियोजना स्थल विशेष के लिए वर्ष में कार्य करने के महीनों की संख्या आदि।

ये सभी कारक परियोजना/परियोजनाओं के समापन समय और लागत को प्रभावित करते हैं।

मुंबई उपनगरीय क्षेत्र के लिए क्षमता संवर्धन कार्य:

वर्तमान में, मुंबई क्षेत्र में प्रतिदिन लगभग 120 मेल/एक्सप्रेस रेलगाड़ियां तथा 3200 उपनगरीय रेलगाड़ियों की सम्हलाई की जाती हैं।

मुंबई क्षेत्र के विभिन्न स्टेशनों पर गाड़ी सम्हलाई क्षमता बढ़ाने के लिए, विभिन्न स्टेशनों पर निम्नलिखित निर्माण कार्य पूरे किए गए/शुरू किए गए हैं/नियोजित किए गए हैं:

क्र. सं.	स्थान	विवरण
1	बांद्रा टर्मिनस	3 पिट लाइनों को पूरा किया गया।
2	मुंबई सेंट्रल	24 एलएचबी सवारी डिब्बों के लिए प्लेटफॉर्मों का विस्तार
3	जोगेश्वरी	5 अतिरिक्त प्लेटफॉर्म, 2 पिट लाइनें
4	दादर	1 अतिरिक्त प्लेटफॉर्म
5	पनवेल-कलंबोली	5 प्लेटफॉर्म, 4 पिट लाइनें और 2 सिक लाइनें
6	कल्याण	6 प्लेटफॉर्म तथा 4 पिट लाइनें

7	लोकमान्य तिलक टर्मिनस	4 प्लेटफॉर्म तथा 2 पिट लाइनें
8	परेल	6 प्लेटफॉर्म, 5 पिट लाइनें, 6 स्टेबलिंग लाइनें
9	वसई-विरार क्षेत्र	वसई रोड: 6 प्लेटफॉर्म 3 पिट लाइनें तथा 5 स्टेबलिंग लाइनें नायगाँव-30 स्टेबलिंग लाइनें विरार-2 स्टेबलिंग लाइनें
10	दहाणू क्षेत्र	दहाणू : 5 स्टेबलिंग लाइनें न्यू वानगाँव: 30 स्टेबलिंग लाइनें

उपरोक्त के अलावा, 15 कार वाली ईएमयू को समायोजित करने के लिए 34 स्टेशनों पर प्लेटफार्म विस्तार संबंधी कार्य शुरू किए गए हैं।

क्षमता संवर्धन के लिए नई परियोजनाएं:

मुंबई उपनगरीय क्षेत्र में रेल नेटवर्क की सम्पर्कता तथा क्षमता बढ़ाने के लिए मुंबई शहरी परिवहन परियोजना (एमयूटीपी)-I जिसकी लागत 4,502 करोड़ रु. है, एमयूटीपी-II जिसकी लागत 8,087 करोड़ रु. है एमयूटीपी-III जिसकी लागत 10,947 करोड़ रु. है और एमयूटीपी-IIIए जिसकी लागत 33,690 करोड़ रु. है, को स्वीकृति दी गई है। इन कार्यों की प्रगति निम्नानुसार है:

क्र.सं	परियोजना का नाम	लागत (करोड़ रु. में)	कार्य की स्थिति
1	विरार-दहाणू रोड तीसरी और चौथी लाइन (64 कि.मी.)	3,578	• संपूर्ण 39 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया। • संपूर्ण 3 लाख घन मीटर भूमि संबंधी कार्य पूरा किया गया।

			• 16 बड़े पुलों में से 13 पुलों के कार्य पूरे किए गए हैं। • 68 छोटे पुलों में से 53 पुलों के कार्य पूरे किए गए। • सभी 4 निचले सड़क पुलों के कार्य पूरे किए गए। • 181 स्टेशनों/सेवा भवनों में से 60 के कार्य पूरे किए गए। • 128 कि.मी. रेलपथ बिछाने के कार्यों में से 31 कि.मी. के कार्य पूरे किए जा चुके हैं।
2	बोरीवली-विरार पांचवी और छठी लाइन (26 कि.मी.)	2,184	• 17 हेक्टेयर भूमि में से 16 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया गया। • पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से वन संबंधी मंजूरी प्राप्त कर ली गई है। • ज्वारीय वनों की कटाई के लिए माननीय उच्च न्यायालय से अनुमति प्राप्त कर ली गई है। • 6.7 लाख घन मीटर में से 3.3 लाख घन मीटर भूमि संबंधी कार्य पूरा किया गया।

			• 23 ऊपरी पैदल पुलों के विस्तार कार्यों में से 5 के कार्य पूरे किए गए। • 12 छोटे पुलों के कार्यों में से 2 पुलों के कार्य पूरे किए गए। • 3 बड़े पुलों के कार्य प्रगति पर हैं। स्टेशन भवनों और अन्य मदों के कार्य प्रगति पर हैं।
3	नाइगांव-जुचंद्र दोहरी कॉर्ड लाइन (6 कि.मी.)	176	• भूमि अधिग्रहण का कार्य शुरू कर दिया गया है।
4	गोरेगांव-बोरीवली से हार्बर लाइन का विस्तार (7 कि.मी.)	826	• भूमि अधिग्रहण का कार्य शुरू कर दिया गया है।
5	मुंबई सेंट्रल-बोरीवली छठी लाइन (30 कि.मी.)	919	• चरण-I (बोरीवली-खार रोड, 17 कि.मी.): कमीशन किया गया। • चरण-II (खार रोड-मुंबई सेंट्रल): भूमि अधिग्रहण का कार्य शुरू कर दिया गया है।
6	चौथी लाइन आसनगांव-कसारा (35 कि.मी.)	794	• डिज़ाइन और आरेखण का कार्य शुरू कर दिया गया है।

7	कल्याण-आसनगांव चौथी लाइन (32 कि.मी.)	1,759	• 92 छोटे पुलों में से 8 के कार्य पूरे किए गए। • 28 हेक्टेयर में से 17 हेक्टेयर का भूमि अधिग्रहण का कार्य पूरा किया जा चुका है। • 7 बड़े पुलों पर कार्य प्रगति पर है।
8	कल्याण-कसारा तीसरी लाइन (68 कि.मी.)	1,433	• 54 हेक्टेयर में से 48 हेक्टेयर का भूमि अधिग्रहण कार्य पूरा कर लिया गया है। • 9 बड़े पुलों में से 4 पुलों के कार्य पूरे कर लिए गए हैं। • सभी 5 स्टेशन भवनों के कार्य पूरे कर लिए गए हैं। • 68 कि.मी. रेलपथ बिछाने के कार्यों में से 23 कि.मी. के कार्य पूरे किए जा चुके हैं।
9	कल्याण-बदलापुर तीसरी और चौथी लाइन (14 कि.मी.)	1,510	• 2 बड़े पुलों में से 1 पुल का कार्य पूरा किया गया। • 4 ऊपरी सड़क पुलों में से 2 पुलों के कार्य पूरे किए गए। • 40 छोटे पुलों में से 30 पुलों के कार्य पूरे किए गए हैं।

10	तीसरी और चौथी लाइन बदलापुर-कर्जत (32 कि.मी.)	1,324	• डिज़ाइन और आरेखण का कार्य शुरू कर दिया गया है।
11	पनवेल-कर्जत उपनगरीय कॉरिडोर (30 कि.मी.)	2,782	• सभी 3 सुरंगों (3 कि.मी.) को कार्य पूरे कर लिए गए हैं। • 5 ऊपरी सड़क पुलों, 16 निचले सड़क पुलों के कार्य पूरे कर लिए गए हैं। • 9 बड़े पुलों, 35 छोटे पुलों के कार्य पूरे किए गए। • 70 कि.मी. रेलपथ बिछाने के कार्यों में से 67 कि.मी. के कार्य पूरे किए जा चुके हैं।
12	ऐरोली - कलवा (एलिवेटेड) उपनगरीय कॉरिडोर लिंक (3 कि.मी.)	476	• चरण-I (दीघा में हॉल्ट स्टेशन): कमीशन किया गया। • चरण-II (ऐरोली-कलवा एलिवेटेड रेलपथ, 3.3 कि.मी.): भूमि अधिग्रहण और पुनर्स्थापन और पुनर्वास के कार्य शुरू कर दिए गए हैं।
13	निलजे-कोपर दोहरी कॉर्ड लाइन (5 कि.मी.)	338	• भूमि अधिग्रहण का कार्य शुरू कर दिया गया है। • 15 छोटे पुलों में से 6 पुलों के कार्य पूरे कर लिए गए हैं।

			• 1 लाख घन मीटर में से से 0.85 लाख घन मीटर में भूमि संबंधी कार्य पूरा किया गया।
14	सीएसएमटी-कुर्ला पांचवी और छठी लाइन (18 कि.मी.)	891	चरण-I (कुर्ला-परेल, 10.1 कि.मी.): • 12 छोटे पुलों में से 1 पुल का कार्य पूरा किया गया। • 4 स्टेशन भवनों में से 2 भवनों के कार्य पूरे किए गए। • सायन ऊपरी सड़क पुल का पुनर्निर्माण कार्य प्रगति पर है। • चरण-II (परेल-सीएसएमटी, 7.4 कि.मी.): • भूमि अधिग्रहण का कार्य शुरू कर दिया गया है।

नई पीढ़ी की गाड़ियां:

यात्री वहन क्षमता बढ़ाने के लिए, ₹19,293 करोड़ की लागत से मुंबई शहरी परिवहन परियोजना (एमयूटीपी)-III और IIIए के तहत दरवाजों सहित 12 कारों के 238 रेक स्वीकृत किए गए हैं। इन रेकों की प्रापण प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

बुलेट ट्रेन परियोजनाः

वर्तमान में, मुंबई-अहमदाबाद उच्च गति रेल (एमएएचएसआर) परियोजना (508 कि.मी.) निष्पादन के अधीन है। मुंबई, ठाणे, विरार, बोईसर, वापी, बिलिमोरा, सूरत, भरुच, वडोदरा,

आणंद, अहमदाबाद और साबरमती में निर्मित किए जाने वाले 12 स्टेशनों सहित यह परियोजना गुजरात, महाराष्ट्र राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली से होकर गुजर रही है।

एमएएचएसआर परियोजना के लिए संपूर्ण भूमि (1389.5 हेक्टेयर) का अधिग्रहण कर लिया गया है। सभी सांविधिक स्वीकृतियाँ प्राप्त कर ली गई हैं। सभी 1651 जनोपयोगिताओं को स्थानांतरित कर दिया गया है। महाराष्ट्र राज्य में भूमि अधिग्रहण में देरी के कारण परियोजना 2021 तक प्रभावित रही है। महाराष्ट्र में 2022 से भूमि अधिग्रहण में तेजी आई है।

अब तक विभिन्न प्रमुख मदों की प्रगति निम्नानुसार है:

मद	प्रगति
पियर्स	452 किलोमीटर
गर्डर	356 किलोमीटर
ट्रैक बेड	209 किलोमीटर
ओएचई मास्ट	190 किलोमीटर

स्टेशनों की प्रगति नीचे दी गई है:-

क्र. सं.	स्टेशन	स्थिति
1	साबरमती	नींव संबंधी कार्य पूरा किया जा चुका है, प्लेटफॉर्म स्लैब और छत का संरचना संबंधी कार्य और फिनिशिंग कार्य प्रगति पर हैं।
2	अहमदाबाद	संरचना संबंधी कार्य पूरा कर लिया गया है व फिनिशिंग कार्य शुरू कर दिया गया है।
3	आणंद/नडियाद	
4	वडोदरा	नींव संबंधी कार्य पूरा कर लिया गया है, संरचना संबंधी और फिनिशिंग कार्य शुरू कर दिया गया है।
5	भरुच	संरचनात्मक कार्य पूरा कर लिया गया है और फिनिशिंग कार्य शुरू कर दिया गया है।
6	सूरत	

7	बिलीमोरा	
8	वापी	
9	बोईसर	नींव संबंधी कार्य शुरू किया गया है और अंतिम चरण में है। संरचना संबंधी कार्य शुरू किए जा चुके हैं।
10	विरार	
11	ठाणे	
12	बीकेसी (मुंबई)	यह एक भूमिगत स्टेशन है। नींव संबंधी कार्य लगभग पूरा किया जा चुका है और बेस स्लैब का कार्य शुरू कर दिया गया है।

नदी पुलों की प्रगति निम्नानुसार है:-

क्र. सं.	नदी का नाम	स्थिति
1	साबरमती नदी (480 मीटर)	उप-संरचना का कार्य पूरा हो गया है, अधिसंरचना का कार्य शुरू कर दिया गया है।
2	मेशवा नदी (120 मीटर)	पुल निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है।
3	वत्रक नदी (280 मीटर)	
4	मोहर (शेढ़ी) नदी (160 मीटर)	
5	माही नदी (720 मीटर)	12 कुओं में से 11 कुओं के कार्य पूरे कर लिए गए हैं, 5 स्पैन संस्थापित कर दिए गए हैं।
6	विश्वामित्री नदी (80 मीटर)	पुल निर्माण का कार्य पूरा किया जा चुका है।

7	धादर नदी (120 मीटर)	
8	नर्मदा नदी (1366 मीटर)	25 में से 21 कुओं का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है; 4 स्पैन लाँच किए गए हैं।
9	किम नदी (120 मीटर)	पुल निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है।
10	तापी नदी (720 मीटर)	नींव संबंधी कार्य शुरू कर दिया गया है, 12 में से 10 कुओं का कार्य पूरा किया जा चुका है।
11	मिंडहोला नदी (240 मीटर)	पुल निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है।
12	पूर्णा नदी (360 मीटर)	
13	अंबिका नदी (200 मीटर)	
14	वेंगनिया नदी (200 मीटर)	
15	कावेरी नदी (120 मीटर)	
16	खरेरा नदी (120 मीटर)	
17	औरंगा नदी (320 मीटर)	
18	पार नदी (320 मीटर)	
19	कोलक नदी (160 मीटर)	
20	दमन गंगा नदी (360 मीटर)	

21	डारोथा नदी (80 मीटर)	
22	जगनी नदी (360 मीटर)	नींव संबंधी कार्य पूरा कर लिया गया है।
23	वैतरणा नदी (2320 मीटर)	12 पाइल कैप और 11 पियर (58 में से) का कार्य पूरा कर लिया गया है।
24	उल्हास नदी शाखा (120 मीटर)	नींव संबंधी कार्य शुरू करने के लिए अस्थायी पहुंच पुल (टैब) का कार्य पूरा कर लिया गया है।
25	देसाई खाड़ी नदी पुल (400 मीटर)	भू-तकनीकी जांच (जीटीआई) का कार्य पूरा किया जा चुका है और डिजाइन का कार्य शुरू कर दिया गया है।

समुद्र के नीचे सुरंग (लगभग 21 कि.मी.) का कार्य शुरू किया गया है, जिसमें से महाराष्ट्र में घनसोली और शिलफाटा के बीच 4.8 किलोमीटर सुरंग का कार्य पूरा किया जा चुका है।

सूरत-वापी रेलखंड (97 कि.मी.) पर नदी पुल निर्माण सहित सभी सिविल निर्माण कार्य पूरे किए जा चुके हैं और 87% ट्रैक बेड बिछा दिया गया है।

बहरहाल, बुलेट ट्रेन परियोजना काफी जटिल और प्रौद्योगिकी प्रधान परियोजना है। सिविल संरचनाओं, रेलपथ, इलैक्ट्रिकल, सिगनल प्रणाली और दूरसंचार के सभी संबंधित कार्यों और गाड़ीसेटों की आपूर्ति के पूरा होने के बाद ही संपूर्ण परियोजना के समापन की सटीक समय-सीमा का उचित रूप से निर्धारण किया जा सकता है।

इसके अलावा, राष्ट्रीय परिवहन अवसंरचना को सुदृढ़ बनाने, क्षेत्रीय संपर्कता, आर्थिक विकास, पर्यटन, निवेश और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने तथा सड़क और हवाई परिवहन से रेल में मोडल शिफ्ट को प्रोत्साहित करने हेतु सरकार ने केंद्रीय बजट 2026-27 में निम्नलिखित सात नए उच्च गति रेल (एचएसआर) गलियारों के विकास की घोषणा की है:-

(i) मुंबई-पुणे

(ii) पुणे-हैदराबाद

(iii) हैदराबाद-बेंगलूरु

(iv) हैदराबाद-चेन्नै

(v) चेन्नै-बेंगलूरु

(vi) दिल्ली-वाराणसी

(vii) वाराणसी-सिलीगुड़ी

अत्यधिक पूंजी प्रधान होने के कारण, किसी भी हाई स्पीड रेल गलियारे/परियोजना को स्वीकृति देने का निर्णय कई कारकों जैसे विस्तृत परियोजना रिपोर्ट का परिणाम, तकनीकी-आर्थिक व्यवहार्यता अध्ययन और वित्तपोषण विकल्पों आदि जैसे संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर करता है।

समर्पित माल यातायात गलियारे:

रेल मंत्रालय ने दो समर्पित माल यातायात गलियारों यथा लुधियाना से सोननगर तक ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (1337 कि.मी.) और जवाहरलाल नेहरू पोर्ट टर्मिनल (जेएनपीटी) से दादरी तक वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (1506 कि.मी.) का निर्माण कार्य शुरू किया है।

ईडीएफसी और डब्ल्यूडीएफसी का कार्य पूरा कर लिया गया है और इसे कमीशन कर दिया गया है। औसतन डीएफसी पर प्रतिदिन 443 से अधिक गाड़ियां परिचालित की जाती हैं। पूर्वी और पश्चिमी समर्पित माल यातायात गलियारों (ईडीएफसी और डब्ल्यूडीएफसी) के पूरी तरह से चालू खंडों ने मजबूत परिचालन निष्पादन का प्रदर्शन किया है। माल ढुलाई की मात्रा में लगातार वृद्धि हुई है, जिसमें औसत गति अधिक है, टर्नअराउंड तेज़ हुए हैं और विश्वसनीयता में वृद्धि हुई है। कॉरिडोर में कंटेनर, कोयला और थोक कार्गो की आवाजाही में लगातार वृद्धि हो रही हैं, जो माल ढुलाई परिवहन में क्षमता वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

समर्पित माल गलियारों द्वारा माल यातायात को पूर्वी समर्पित माल गलियारे और पश्चिमी समर्पित माल गलियारे की ओर मोड़कर पारंपरिक नेटवर्क पर अतिरिक्त मार्ग सृजित करने में योगदान दिया है। इसके परिणामस्वरूप, रेलवे को अपने नेटवर्क पर अतिरिक्त माल और कोचिंग सेवाओं के परिचालन में सफलता मिली है। डीएफसी ने तेजी से पारगमन समय, उच्च थ्रूपुट और

डबल-स्टैक कंटेनर संचालन (विशेष रूप से पश्चिमी डीएफसी पर) को सक्षम किया है। इन सुधारों ने समग्र लॉजिस्टिक्स लागत को कम करने, आपूर्ति श्रृंखला दक्षता में सुधार करने और भारतीय उद्योगों की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने में योगदान दिया है।

केंद्रीय बजट 2026 में पूर्व में डानकुनि को पश्चिम में सूरत से जोड़ने वाले एक नए समर्पित माल गलियारे की घोषणा की गई है। इस गलियारे के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने/अद्यतन करने का कार्य शुरू कर दिया गया है।

*****